| |
|---|
| दिनांक 24.06.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 39/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

## पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में एएनटीएफ एवं एनसीबी क्षेत्रीय इकाई लखनऊ के सहयोग से मादक पदार्थों की पहचान, रोक थाम एवं इनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु कार्यशाला का किया गया आयोजन

भारत सरकार द्वारा नशे के विरूद्ध अभियान के अंतर्गत हर वर्ष 12–26 जून के मध्य नशा मुक्ति जन जागरूकता पखवाड़ा मनाया जाता है। **श्री राजीव कृष्ण, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0** द्वारा नशे के विरूद्ध एक राज्य व्यापी अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये।

उक्त निर्देश के क्रम में आज दिनांक 24.06.2025 को **श्रीमती तिलोत्तमा वर्मा** पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, **श्री बी0डी0 पॉलसन** अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, **श्री चन्द्रप्रकाश** पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण व **श्री अब्दुल हमीद** पुलिस महानिरीक्षक एएनटीएफ उ0प्र0 लखनऊ की उपस्थिति में एनसीबी क्षेत्रीय इकाई लखनऊ के सहयोग से प्रशिक्षण निदेशालय लखनऊ स्थित कान्फ्रेंस हॉल में प्रदेश के सभी कमिश्नरेट/जनपदों के नामित नारकोटिक्स नोडल अधिकारी, पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों व एएनटीएफ के अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ मादक पदार्थों की पहचान, रोक थाम एवं इनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु भौतिक/वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में मादक पदार्थों की पहचान, उनके दुष्प्रभाव, मादक पदार्थों तस्करी की रोकथाम, मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध पिट एनडीपीएस एक्ट व एनडीपीएस एक्ट के तहत वित्तीय जाँच आदि विषयों पर एनसीबी के विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी।

पुलिस महानिरीक्षक एएनटीएफ द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम समय–समय पर आयोजित होते रहेंगे, जिससे मादक पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम व तस्करों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करायी जा सके।




Field of coca bushes, with berries
Field of coca bushes, with berries
Field of coca bushes, with berries

| दिनांक 24.06.2025 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 40 / 2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

## पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा नवनियुक्त आरक्षियों के गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण एवं उनको मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिगत कमिश्नरेट वाराणसी, जनपद सुल्तानपुर और अमेठी की रिजर्व पुलिस लाइन एवं पीटीसी में चल रहे जे0टी0सी0 (Joining Training Course) का किया गया निरीक्षण

आज दिनांक 24–06–2025 को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 **श्री राजीव कृष्ण** द्वारा नवनियुक्त आरक्षियों के चल रहे ज्वाइनिंग ट्रेनिंग कोर्स (JTC) के दृष्टिगत कमिश्नरेट वाराणसी, जनपद सुल्तानपुर और अमेठी की रिजर्व पुलिस लाइन एवं पीटीसी का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रशिक्षण से जुड़े सभी अधिकारियों को पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षुओं के सर्वांगीण विकास हेतु प्रशिक्षण दिए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा प्रशिक्षण के सम्बन्ध में दिए गए प्रमुख निर्देशः–

- नवनियुक्त आरक्षियों की अगले 30–40 वर्षों तक उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए ही नही बल्कि समाज के भविष्य में निर्णायक भूमिका होगी। अतः आवश्यक है कि प्रशिक्षण से जुड़े सभी अधिकारी पूर्ण मनोयोग से उनके सर्वांगीण प्रशिक्षण में रूचि लें एवं वरिष्ठ अधिकारी प्रशिक्षुओं को अपने अनुभव का लाभ दें।
- प्रशिक्षण का एक ऐसा उत्कृष्ट मानक स्थापित करें, जिससे उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए यह प्रशिक्षण एक परिवर्तनकारी कारक सिद्ध हो।
- लगभग 60 हजार रिक्रूट आरक्षी अगले 30 से 40 वर्ष तक काम करेंगे, इनके क्वालिटी ऑफ ट्रेनिंग का इनके काम पर प्रभाव पड़ेगा।
- पुलिस को नया रूप देने का अधिकारियों के पास अच्छा मौका है। जब ये नए रिक्रूट आरक्षी थानों पर पहुँचेगें तो एक सकारात्मक बदलाव लायेंगे तथा एक नई दिशा प्रदान करने का कार्य करेगें।

- इतनी बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग कराना एक चुनौती है जिसे हम पूरी दक्षता से निभाएंगे और पुलिस तथा समाज को नई दिशा देने वाले नए रंग भरकर इन्हें आगे भेजेंगे।
- जिले के पुलिस अधिकारी भी प्रशिक्षण देने में अधिक से अधिक प्रतिभाग करें।
- प्रदेश में क्लासरूम ट्रेनिंग में एकरूपता के लिए डिजिटल स्टडी मटेरियल तैयार किए गए हैं, जिनसे डिजिटली क्लासेज चलेंगी।
- ट्रेनिंग एक कमाण्ड फंक्शन है इन रिक्रूट आरक्षियों की ट्रेनिंग समाज व पुलिस की जरूरत के अनुसार करायी जायेगी। सभी वरिष्ठ अधिकारीगण सिलेबस तथा अपने अनुभव के सम्मिश्रण से अपना खुद का कन्टेंट तैयार करे तथा स्वयं क्लास लेकर प्रशिक्षण में योगदान दे।
- अच्छे प्रशिक्षक की वीडियो रिकार्डिंग कराकर उसे अन्य ट्रेनिंग सेन्टर पर भेजा जाए।




पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय






RAJEEV KRISHNA



| |
|---|
| दिनांक 24.06.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 41/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

**जनपद बागपत/थाना बडौत**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 स्कार्पियों वाहन**
- **01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 23.06.2025 की रात्रि थाना बडौत पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कोताना रोड़ शाहमल स्टेडियम तिराहा से पुरस्कार घोषित अभियुक्त हर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 स्कार्पियों वाहन, 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना बडौत पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना बडौत पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—हर्ष निवासी बाबली चुंगी कस्बा व थाना बडौत जनपद बागपत।

**बरामदगी**

1—01 स्कार्पियों वाहन।

2—01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद आजमगढ़/थाना सरायमीर

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 23.06.2025 की रात्रि थाना सरायमीर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर डेमरी मोड़ से पुरस्कार घोषित अभियुक्त शिवम उर्फ आशु को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना सरायमीर पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सरायमीर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—शिवम उर्फ आशु निवासी ठेकमा थाना बरदह जनपद आजमगढ़।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## कमिश्नरेट प्रयागराज/थाना मऊआइमा

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **100 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **घटना में प्रयुक्त ट्रक बरामद**

दिनॉकः 24.06.2025 को थाना मऊआइमा, एसओजी/सर्विलांस सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पटेल ढाबा फ्लाई ओबर के पास से

अभियुक्त पुरसंत को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 100 किलोग्राम अवैध गांजा, घटना में प्रयुक्त ट्रक बरामद हुआ।

इस सम्बन्ध में थाना मऊ आइमा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—पुरसंत निवासी लोई मुंडा थाना पूनाकूट जनपद अंगुल, उड़ीसा।

**बरामदगी**

1—100 किलोग्राम अवैध गांजा।

2—घटना में प्रयुक्त ट्रक।

**जनपद शाहजहॉपुर/थाना कटरा**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **245 ग्राम अवैध अफीम बरामद**

दिनॉकः 23.06.2025 को थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हुलास नगला पुल सड़क किनारे के पास से अभियुक्त श्यामजी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 245 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना कटरा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—श्यामजी निवासी मोहल्ला आतिशबाजान कस्बा व थाना कटरा जनपद शाहजहॉपुर।

**बरामदगी**

1—245 ग्राम अवैध अफीम।

———————